RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 26 दिसंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 243 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

एनडीए राज्य में अच्छा प्रदर्शन करेगा - फडणवीस

महाराष्ट्र में केवल मोदी जी के नाम की हवा में है

मुंबई, महाराष्ट्र के लिए चुनावी साल 2024 के आगाज से पहले ही राज्य की राजनीति गरमाने लगी है। बीजेपी नेता और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 2024 के चुनावों को लेकर बड़ा बयान दिया है। फडणवीस ने एबीपी न्यूज-सी वोटर के ओपिनियन पोल में बीजेपी को कुछ सीटों के नुकसान को नकार दिया।

फडणवीस ने कहा कि 2024 में बीजेपी फिर महाराष्ट्र में बड़ी जीत हासिल करेगी। फडणवीस से जब पूछा गया कि एक चुनाव पूर्व सर्वेक्षण में कहा गया है कि बीजेपी को कई सीट का नुकसान हो सकता है और विपक्ष अगले साल के आम चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करेगा। फडणवीस ने कहा कि वर्तमान में केवल मोदी जी का नाम हवा में है। लोग केवल मोदी जी को वोट देने के लिए दृढ़ हैं। उन्होंने कहा कि हम (महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों में से) 40 से अधिक सीटें जीतेंगे। टीवी के ओपिनियन पोल में महाविकास आघाड़ी को एनडीए यानी की महाराष्ट्र स्तर पर बने महायुति से आगे दिखाया गया है।

ओपिनियन पोल में बीजेपी को 19 से 21 सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया है, जबकि कांग्रेस की अगुवाई वाले कठ.ऊकअ गठबंधन को 26 से 28 सीटें मिलने की संभावना जताई गई हैं। ओपिनियन पोल में 1 से दो सीट अन्य के खाते में जाने की बात सामने आई है।

बीजेपी ने 2019 के चुनावों उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना के साथ मिल महाराष्ट्र में लभगभ क्लीन स्वीप किया था। पार्टी ने राज्य की 48 में 41 सीटों पर जीत हासिल की थी। इस बार बीजेपी ने 26 सीटों पर लड़ने का ऐलान किया है। ऐसे में 11-11 सीटों एकनाथ शिंदे और अजीत पवार के खाते में जा सकती हैं। हाल ही में महाराष्ट्र सरकार में उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने भी मोदी की प्रशंसा की थी और कहा था कि प्रधानमंत्री सभी विरोधियों पर भारी पड़ते हैं।

2024 में प्रधानमंत्री मोदी का कोई विकल्प ही नहीं - अजित पवार

मुंबईः महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को आगामी लोकसभा चुनाव पर पीएम मोदी को लेकर एक बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि देश में अबतक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कोई विकल्प नहीं है। मीडिया के एक सवाल का जवाब देते हुए पवार ने कहा कि विपक्षी पार्टियां अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले पीएम मोदी के नेतृत्व को चुनौती देने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, 'अबतक देश में पीएम मोदी का कोई विकल्प नहीं है। ऐसा निर्णय केवल एक या दो चीजों के आधार पर नहीं बल्कि विभिन्न पहलुओं के आधार पर लिया जाता है।'

विपक्ष पर साधा निशाना

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने मीडिया के जरिए विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, 'आपलोग बहुत प्रचार करते हैं, लेकिन सवाल ये है कि देश के हितों की रक्षा कौन करेगा, देश किसके हाथों में सुरक्षित रहेगा और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि किसने मजबूत बनाई है, जैसे सवाल मायने रखते हैं।'

हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए अजित पवार ने कहा, 'हमने तीन राज्यों राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य-प्रदेश में परिणाम देखे। चुनाव से पहले अनुमान लगाने का यह मतलब नहीं कि परिणाम समान होंगे।'

मुंबई के साकीनाका में फैक्ट्री में लगी भीषण

मौके पर दमकल की 8 गाड़ियां मौजूद, 30 मोटरसाइकिलें खाक

मुंबई : महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के साकीनाका इलाके में सोमवार (25 दिसंबर) को एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा तफरी मच गई। मौके पर फायर ब्रिगेड की 8 गाड़ियां पहुंचीं और आग पर काबू पाया गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

अधिकारियों ने बताया कि मुंबई उपनगर के साकीनाका के खैरानी रोड इलाके में स्थित फैक्ट्री में आज शाम 5 बजे के करीब आग लग गई, जिसके इलाके में अफरा तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश लेकिन आग विकराल हो गई। इसके जिसके बाद दमकल विभाग और स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर दमकल विभाग की आठ गाड़ियां पहुंची और दमकल कर्मियों ने लगभग आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया।

हालांकि, आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। माना जा रहा है कि यह आग शार्ट सर्किट के कारण भड़की। हालांकि, दमकल विभाग ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है। यह घटना सलीम कंपाउंड श्रीनगर की बताई जा रही है।

इससे पहले मुंबई के लोअर परेल इलाके में स्थित फीनिक्स मॉल में 25 से 30 मोटरसाइकिलें आग में जलकर खाक हो गईं, हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि परिसर में दोपहर एक बजकर 15 मिनट पर आग लगी, जिसे एक बजकर 40 मिनट पर बुझा दिया गया।

महाराष्ट्रः मां ने शराब के लिए नहीं दिए पैसे

23 साल के बेटे ने सिर पर मारी लोहे की मूसल, मौत

लातूर, रिश्तों को कलंकित करने वाली घटना हुई है। जहां बेटे ने अपनी मां के सिर पर लोहे का मूसल मारकर बेरहमी से हत्या कर दी है। शुरूआती जांच में पता चला है कि मां ने जब शराब पीने के लिए पैसे देने से इनकार कर दिया तो 23 वर्षीय बेटे ने मां की जान ले ली। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, घटना अहमदपूर तालुका के सताला गांव में हुई, मृतक महिला का नाम संगीता नाथराव मुंडे (उम्र 40 वर्ष) है और आरोपी बेटे का नाम ज्ञानेश्वर नाथराव मुंडे (उम्र 23) है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ज्ञानेश्वर ने अपनी माध्यमिक शिक्षा की पढाई बीच में छोड़ दी थी। फिलहाल वह खेती का काम करता हैं। इसी बीच उसने दोस्तों के साथ शराब पीना सीख लिया। वह माता-पिता के साथ गांव के नदी किनारे एक खेत के पास बने घर में रहता है। ज्ञानेश्वर का छोटा भाई कृष्णा पुणे में एक निजी कंपनी में काम करता है। इसी बीच शुक्रवार को ज्ञानेश्वर के पिता काम के सिलसिले में गांव से बाहर गये थे। घर पर मां संगीता और बेटा ज्ञानेश्वर ही थे।

इस बीच शराब का आदी ज्ञानेश्वर ने शराब पीने के लिए मां से पैसे मांगे। हाल ही में परिवार ने अपनी भैंस बेची थी, जिससे कुछ पैसे मिले थे। लेकिन मां ने पैसे नहीं होने की बात कहकर कुछ नहीं दिया। जिसके बाद गुस्से में ज्ञानेश्वर घर का जरुरी सामान बेचने के लिए जाने लगा। जब मां ने इसका विरोध किया तो उसने गुस्से में आकर कूटने वाले लोहे के मूसल से मां के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आरोपी अपनी मां को लहूलुहान हालत में छोड़कर मौके से फरार हो गया। उसने घर से जाने से पहले कूलर चालू कर दिया और दरवाजे पर बाहर से कुंडी लगा दी।

मुंबई फिर हुई शर्मसार, 13 साल की लड़की से बलात्कार, दरिंदे ने खाने का दिया था लालच

मुंबई, फिर एक नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार की चौंकाने वाली घटना घटी है। शहर के मालवणी इलाके में 37 साल के एक शख्स ने 13 साल की लड़की से दुष्कर्म किया। इस घटना से स्थानीय लोगों में रोष का माहौल है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक, पीड़ित नाबालिग लड़की अपने घर के बाहर खेल रही थी। इस बीच वह आरोपी के घर के करीब चली गई। कथित तौर पर आरोपी शख्स ने पीड़िता को अकेला देखा तो उसे खाने का लालच दिया और उसके साथ बलात्कार किया। पुलिस ने कहा, घर पहुंचकर पीड़ित लड़की ने घटना के बारे में अपनी मां को बताया। बच्ची ने जब आपबीती अपनी मां को बताई तो उनके होश उड़ गए। फिर मां ने मालवणी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया है। पीड़िता का मेडिकल जांच करवाया गया है।

BOLLYWOOD DINBHAR

संपादकीय / लेख

फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

राम के भरोसे आम चुनाव...

वर्ष 2024 के आम चुनाव के मद्देनजर, अयोध्या के राम मंदिर पर, भाजपा ही नहीं, बल्कि आरएसएस और विहिप ने भी एक 'मास्टर प्लान' तैयार किया है। लोकसभा चुनाव में भाजपा का लक्ष्य 51 फीसदी वोट हासिल करने का है, ताकि लगातार तीसरी बार सत्ता मिल सके। इस संदर्भ में अयोध्या का निमार्णाधीन राम मंदिर एक बड़ा चुनावी मुद्दा साबित हो सकता है। इस 'मास्टर प्लान' पर प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और भाजपा अध्यक्ष ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ अलग से विमर्श किया है। प्रधानमंत्री मोदी 22 जनवरी को रामलला की मूर्ति के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का उद्घाटन करेंगे और भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव, घर-घर जाकर उस पावन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जन-जन के लिए जीवंत करेंगे। यह अभियान 1 जनवरी, 2024 से आरंभ किया जाएगा। भाजपा और संघ परिवार 15 जनवरी तक करीब 12 करोड़ परिवारों के 60 करोड़ लोगों से संपर्क करेंगे। उन्हें भगवान राम का चित्र और जन्मभूमि पर पूजित अक्षत (चावल) देंगे। उन्हें 22 जनवरी के समारोह को सामूहिक रूप से देखने, भजन और भोग का न्योता दिया जाएगा। विहिप ने 22 जनवरी को देश के 5 लाख गांवों के मंदिरों, धार्मिक या सार्वजनिक स्थलों में भी आयोजन का लक्ष्य तय किया है। दरअसल भाजपा और संघ परिवार की यह पूरी कवायद 'हिंदूवादी' है। उनका मानना है कि जिस तरह पालमपुर राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में सबसे पहले राम मंदिर का प्रस्ताव पारित किया गया था और उसके बाद कमोबेश उत्तरी, हिंदी पट्टी का भारत 'राममय' हो उठा था, उससे भी अधिक ध्रुवीकरण अब होगा, क्योंकि राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा हो चुकी होगी। यानी साक्षात प्रभु राम का भव्य मंदिर आकार ले रहा है।

एक सांस्कृतिक, आध्यात्मिक लक्ष्य संपूर्ण हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी 30 दिसंबर को अयोध्या जाएंगे और 3000 करोड़ रुपए की परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। उसी के साथ पूरी हो चुकी 23 परियोजनाएं अयोध्या की प्रजा को सौंपेंगे। भाजपा और संघ परिवार कुछ भी दलीलें दें, लेकिन 2024 का आम चुनाव प्रभु राम के भरोसे ही लड़ा जाएगा। भाजपा के लिए 50 फीसदी वोट हासिल करना टेढ़ी खीर है, लेकिन 350 या 400 सीटें जीतने का लक्ष्य तय किया गया है, तो भाजपा को एनडीए के साथ, 340-50 सीटें जीतना मुश्किल नहीं होना चाहिए। भाजपा उप्र, मप्र, छत्तीसगढ़, गुजरात और राजस्थान आदि राज्यों में 50-62 फीसदी वोट हासिल कर चुकी है, लेकिन बंगाल, बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, तमिलनाडु और केरल, पंजाब, दिल्ली सरीखे राज्यों में भाजपा कितनी सीटें जीत पाएगी, यह अब भी अहम सवाल है। इन राज्यों में राम मंदिर का अपेक्षाकृत कम असर होता है, लिहाजा हिंदूवादी ध्रुवीकरण भी उतना नहीं होता। फिर भी भाजपा नेतृत्व ने 324 सीटें जीतना तो गारंटी माना है। वह किस आधार पर संभव है? भाजपा के मुकाबले एक-एक सीट पर, एक साझा उम्मीदवार उतारने की 'इंडिया' की रणनीति अभी तक कारगर नहीं हो सकी है। उससे पहले ही भाजपा और संघ परिवार ने अपना 'मास्टर प्लान' पेश कर दिया है कि राम मंदिर के जरिए 2024 के जनादेश तक पहुंचना आसान होगा, लिहाजा उसे 'श्रीरामोत्सव' के तौर पर मनाना तय किया गया है। देश में बेरोजगारी, महंगाई, प्रति व्यक्ति आय, देश पर बढ़ता कर्ज आदि ऐसी राष्ट्रीय समस्याएं हैं, जिनसे आम आदमी संतप्त और प्रभावित हो रहा है। क्या इन मुद्दों पर आम चुनाव की दशा और दिशा जरा-सी भी तय नहीं होगी? राम मंदिर ने 1990 के दशक की शुरूआत में दो चुनाव जरूर जीते थे, लेकिन उसके बाद उप्र में ही वह पराजित होने लगी थी। 2019 के आम चुनाव में 224 सीटों पर भाजपा को 50 फीसदी या उससे अधिक वोट मिले थे।

☎ +91 99877 75650
✉ editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

हवाई शहर में 14,320 करोड़ रुपये का सड़क अनुबंध कार्य फरवरी में शुरू होगा, सिडको ने आश्वासन दिया

पनवेल: नैना अथॉरिटी के नवी मुंबई एयरपोर्ट नोटिफाइड इम्पैक्ट एरिया यानी 1 से 12 टाउन प्रोजेक्ट्स (टीपीएस) के लिए करोड़ों रुपये के सड़क निर्माण कार्य के टेंडर के बाद बैठक में निर्णय की जानकारी दी गई. इस समय, सिडको अधिकारियों ने नैना क्षेत्र को भविष्य के हवाई अड्डे वाले शहर के रूप में संदर्भित किया। पनवेल और उरण के किसानों के हित में नैना प्राधिकरण परियोजना के फायदे बताने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को शहर के आद्य-क्रांतिकारी नायक वासुदेव बलवंत फड़के रंगमंच पर सभा का आयोजन किया.

रविवार को सार्वजनिक अवकाश होने के बावजूद नैना प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों ने बैठक में किसानों से बातचीत कर उनके सवालों के जवाब दिए। नैना प्राधिकरण की ओर से नैना के मुख्य नियोजक रवीन्द्र मानकर, सिडको के जनसंपर्क अधिकारी मोहन निनावे, साधन खटकाले एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। नैना प्राधिकरण की घोषणा जनवरी 2013 में की गई थी। लेकिन 10 साल में नैना क्षेत्र में विकास नहीं होने से किसान नाराज हैं. शेकाप और महाविकास अघाड़ी के घटक दलों ने राज्य सरकार और सिडको के खिलाफ विभिन्न विरोध प्रदर्शन और भूख हड़ताल की। अभी तक प्रदर्शनकारियों की मुख्यमंत्री के साथ कोई बैठक नहीं हुई है. इस दौरान नैना अथॉरिटी द्वारा घोषित प्रोजेक्ट को लेकर किसानों में व्याप्त भ्रम को दूर किया गया. प्रशांत ठाकुर और महेश बाल्दी ने किसानों के साथ एक सार्वजनिक बैठक का आयोजन किया. इस बैठक में किसानों ने नैना अथॉरिटी को लेकर अपनी कई समस्याएं उठाईं. किसानों ने कहा कि दिए गए भूखंड सड़क किनारे होने के बावजूद उन्हें दूसरे लोगों के मकानों के पार दिया जा रहा है। सिडको बोर्ड बिक्री के लिए 40% जमीन देने पर सहमत हो गया है, सड़क, पानी और सीवर सुविधाएं कब बनाई जाएंगी, सार्वजनिक भूखंडों पर कब्जा कब दिया जाएगा। लेकिन किसानों की मांग है कि 50 फीसदी विकसित प्लॉट दिए जाएं. किसानों के लिए नैना प्राधिकरण में एक सेल का गठन किया जाए, प्रभावित मकानों को योजना में नियमित किया जाए, गांव के थाने के 200 मीटर के दायरे में कोई आरक्षण न किया जाए, सुधार व विकास शुल्क न लगाया जाए।

मैंने तो 60 साल की उम्र में अलग होने का फैसला लिया,

लेकिन उन्होंने तो 38 साल की उम्र में ही वसंत दादा पाटील को दरकिनार कर दिया था - अजित पवार

मुंबई: उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने रविवार को बारामती में अपने चाचा शरद पवार को खुली चुनौती दी। उन्होंने अपने गुट के सम्मेलन में कार्यकताओं और पदाधिकारियों से कहा कि इधर भी और उधर भी ऐसा नहीं चलेगा। जिन लोगों को मेरे साथ रहना है रहें, जिनको उस तरफ जाना है खुशी से जाएं। उन्होंने शरद पवार का नाम लिए बिना कहा कि मैंने तो 60 साल की उम्र में अलग होने का फैसला लिया, लेकिन उन्होंने तो 38 साल की उम्र में ही वसंत दादा पाटील को दरकिनार कर दिया था। इसलिए सभी लोग मेरी बात को समझें। मैं जो काम कर सकता हूं, वो कोई नहीं कर सकता। मैं ही तुम्हारे काम करूंगा, दूसरा कोई नहीं कर सकता।

अजित पवार ने कहा कि हम लोग अपने घर के बुजुर्गों से कहते हैं कि अब आप आराम करो, काम करने के लिए हम हैं न। हमारा आग्रह होता है कि आप हमें अपना अनुभव दें। यही मैंने करने की कोशिश की। अब मुझे पूरे महाराष्ट्र में घूमना पड़ेगा। अजित पवार ने कहा, 53 में से 43 विधायक मेरे साथ हैं। मैंने जो फैसला लिया वह सही था, इसीलिए लोग मेरे साथ आए। अजित पवार ने कहा कि कई वरिष्ठ नेता मेरे साथ हैं। इसलिए आज के बाद सिर्फ मेरी सुनो, बाकी किसी की मत सुनो। बाकी के लोगों की बात कई वर्ष से सुन रहे हो। मैं आज सत्ता में हूं, इसलिए काम कर सकता हूं। मैं ऐसा काम करके दिखाऊंगा कि बस देखते रह जाओगे। अजित पवार ने कहा कि अगर आपके सामने मोदी और खरगे दोनों खड़े हों, तो आप किसे वोट देंगे? आज देश में मोदी के कद का कोई नेता नहीं है। मोदी विश्व स्तर के नेता है।

ठाणे में एक ही दिन में कोरोना के नए वेरिएंट के पांच मरीज मिले,

मुंबई: देश में कोरोना मरीजों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है, इस बीच अलग-अलग जगहों पर कोरोना के नए सब वेरिएंट जेएन.1 के मरीज मिलने से चिंता बढ़ गई है. इस बीच ठाणे में एक ही दिन जेएन.1 वेरिएंट के पांच नए मरीज मिलने से हड़कंप मच गया है. इसमें 4 पुरुष और 1 महिला शामिल है. खास बात यह है कि रविवार को दिन भर में राज्य में जेएन.1 वायरस के 9 मरीज पाए गए हैं. नए संक्रमित मरीजों में ठाणे मनपा क्षेत्र में 5, पुणे मनपा क्षेत्र में 02, पुणे जिला और अकोला मनपा क्षेत्र में 1-1 मरीज सामने आए। चौंकाने वाली बात ये है कि इनमें से 8 मरीजों ने कोरोना वैक्सीन की दोनों खुराक ले ली है. इस बीच, पाए गए मरीजों को अलग कर दिया गया है और उनमें से किसी में भी जेएन.1 वैरिएंट के गंभीर लक्षण नहीं हैं और उनका इलाज किया जा रहा है। राज्य स्वास्थ्य विभाग की ओर से कहा गया है कि उनकी हालत में भी सुधार हो रहा है. देश में कोरोना के नए जेएन.1 वैरिएंट का पहला मरीज केरल में मिला था। राज्य में इसका पहला मामला सिंधुदुर्ग जिले में मिला था. लेकिन अब प्रशासन अलर्ट मोड पर है क्योंकि इस नए वेरिएंट के मरीज ठाणे और पुणे शहर में भी सामने आ रहे हैं. राज्य में कोरोना मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण शहर में कोरोना जांच बढ़ाई जा रही है.

Coronavirus - Test

'महाराष्ट्र से उद्योगों को छीना जा रहा है, हमें हमेशा अपने हिंदुत्व पर गर्व है', केंद्र पर निशाना साधते हुए बोले उद्धव ठाकरे

मुंबई : शिवसेना (उद्धव गुट) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा है कि गुजरात को मजबूत बनाने के लिए महाराष्ट्र से उद्योग और व्यवसाय छीने जा रहे हैं। उन्होंने यह भी आशंका व्यक्त की कि मुंबई और आसपास के इलाकों में बसे उत्तर भारतीय प्रवासियों को रोजगार के लिए गुजरात जाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

उन्होंने मीरा भयंदर इलाके में उत्तर भारतीयों के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आपमें से अधिकांश स्थानीय लोगों के साथ चीनी और दूध की तरह मिल गए हैं। हालांकि सावधान रहें, इस रिश्ते को खराब करने के लिए कोई प्रयास कर सकता है। शिवसेना को हमेशा अपने हिंदुत्व पर गर्व है, लेकिन यह दूसरे धर्मों से कभी नफरत नहीं करती।

कहा कि आप काम की तलाश में मुंबई आए थे, आपने बहुत प्रयास किए और यहीं बस गए। अब आप रोजगार के लिए गुजरात जाने के लिए मजबूर होंगे। ठाकरे ने सभा में मौजूद लोगों से तानाशाही को समाप्त करने के लिए जयश्री राम का नारा लगाने के लिए कहा। आगे बोले कि कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगभग 10 दिन पहले गुजरात में थे। यहां की व्यावसायिक गतिविधियों को अब राज्य को मजबूत करने के लिए गुजरात ले जाया जा रहा है। यदि वह गुजरात को मजबूत बनाना चाहते हैं तो वह ऐसा कर सकते हैं, लेकिन हमारे व्यवसायों को छीनकर नहीं।

BOLLYWOOD DINBHAR

कोल्हापुर में मंत्री तानाजी सावंत के काफिले के साथ हादसा

कोल्हापुर : कोल्हापुर में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत का काफिला आज (24 दिसंबर) हादसे का शिकार हो गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। मंत्री तानाजी सावंत के निजी सहायक को मामूली चोटें आईं है। वहीं, तानाजी सावंत सुरक्षित है।

मिली जानकारी के मुताबिक, कोल्हापुर के करवीर में श्री अंबाबाई मंदिर के दर्शन के बाद शिवसेना नेता तानाजी सावंत दर्शन के लिए जोतिबा जा रहे थे। इसी दौरान मंत्री तानाजी सावंत जिस कार में बैठे थे, उसके पीछे आ रही काफिले की कार ने टक्कर मार दी। हादसे में सावंत का निजी सहायक मामूली रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के कुछ देर बाद स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत का काफिला आगे के लिए रवाना हो गया। इस बीच एक बड़ी लापरवाही भी सामने आई है। दरअसल स्वास्थ्य मंत्री के काफिले में जिला प्रशासन की ओर से कोई एंबुलेंस नहीं मुहैया कराया गया था। सावंत के काफिले में जिला प्रशासन की कोई भी एंबुलेंस शामिल नहीं थी। बता दें कि सावंत ने कोल्हापुर उपजिला अस्पताल का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कोरोना वायरस के नए वेरिएंट खठ1 से निपटने को लेकर राज्य सरकार की ओर से की जा रही तैयारियों की जानकारी दी।

राम मंदिर निर्माण की कारीगरी में दिखेगा पूरे देश का अक्स, दरवाजे महाराष्ट्र से और गुलाबी पत्थर राजस्थान के

अयोध्याः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में अयोध्या में जिस राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है, उसके निर्माण की कारीगरी में पूरे देश का अक्स दिखाई पड़ेगा। मंदिर के निर्माण में जहां कई प्रदेशों के कारीगरों का शिल्प दिखाई देगी तो निर्माण की सामग्री भी अलग-अलग प्रांतों की होगी। मंदिर में पत्थरों को तराशने का काम में राजस्थान, उड़ीसा और मध्य प्रदेश के शिल्पकारों ने किया। वहीं इसमें लगने वाले पिंक कलर के सैंड स्टोन राजस्थान के भरतपुर के वंशीपहाडपुर गांव से लाकर लगाए गए हैं। मंदिर के दरवाजों की लकड़ी भी महाराष्ट्र से लाई गई है। देश के अलग-अलग हिस्सों से आए कारीगर महीनों से अयोध्या में डेरा डाल मंदिर को भव्य स्वरूप देने में जुटे हुए हैं।

राम मंदिर निर्माण का काम अंतिम दौर में है। ग्राउंड फ्लोर का काम करीब पूरा हो गया है, अब फिनिशिंग अंतिम चरण में है। मंदिर की पुरानी कार्यशाला में खंभो को तराशने और डिजाइनिंग का काम चल रहा है जो पहले और दूसरे फ्लोर पर लगने हैं। यहां पर काम करने वाले कारीगर बताते है कि काम को तेजी से पूरा करने के निर्देश मिले हैं। राजस्थान के दो दर्जन से ज्यादा कारीगर पत्थरो पर डिजाइनिंग का काम कर रहे हैं।

मंदिर के ग्राउंड फ्लोर पर 14 दरवाजों के निर्माण में महाराष्ट्र के जंगलों की लकड़ी लगी है। इन दरवाजों के निर्माण का काम हैदराबाद के कारीगर कर रहे हैं। इनपर डिजाइनिंग करने वाले कन्या कुमारी से आए हैं। मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी अनिल मिश्रा बताते हैं कि सिर्फ दरवाजे बनाने में ही तीन प्रांतों की भागीदारी है। मंदिर के निर्माण कार्य में लगाए गए 300 से ज्यादा कारीगर को अलग-अलग प्रदेशों से चुना गया है।

मूर्तियों में दिखेगी कर्नाटक-राजस्थान की कारीगरी

रामलला की मूर्ति निर्माण में भी दो प्रदेशों के विशेषज्ञ मूर्तिकार लगे हैं। राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के मुताबिक, रामलला की 51 इंच की दिव्य और मुख्य प्रतिमा के निर्माण में तीन विशेषज्ञ मूर्तिकार लगाए गए हैं। दो मूर्तियां कर्नाटक के श्याम पत्थर से तराशी गई है। वहीं, तीसरी प्रतिमा राजस्थान के जयपुर के सत्यनारायण पांडे ने संगमरमर पत्थर से रामलला को तराश रहे हैं।

अनाज के कीड़ों से हैरान थे कलंबोलिकर!

कलंबोली : कलंबोली क्षेत्र में स्थित भारतीय खाद्य निगम के गोदामों में अनाज के कीड़ों से कलंबोली कॉलोनी के नागरिक चिंतित हैं। इसके चलते शहरवासियों को शाम छह बजे के बाद घर के दरवाजे और खिड़कियां बंद करने की नौबत आ गई है। कलंबोली में भारतीय खाद्य निगम के बड़े गोदाम हैं। यहीं से रायगढ़ जिले और आसपास के इलाकों के राशन केंद्रों में अनाज का वितरण किया जाता है. इसलिए यहां बड़ी मात्रा में अनाज का भंडार है. हालाँकि, निवासियों को परेशानी हो रही है क्योंकि इस अनाज से जुड़े कीड़े गोदाम से आसपास के क्षेत्रों में उड़ रहे हैं। घर के दरवाजे और खिड़कियां बंद करने की नौबत आ रही है क्योंकि शाम को निकलने वाले कीड़े खाने में गिर जाते हैं.

सास,ससुर के लिए खाना न बनाने पर बहू को मिली भयानक सजा... पति ने ली पत्नी की पीट पीटकर जान!

पुणेः पुणे से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आ रही है। यहां एक पति ने अपनी पत्नी की सिर्फ इस बात पर पीट पीटकर जान ले ली क्योंकि पत्नी अपने सास ससुर के लिए खाना नहीं बनाती थी। यह घटना कात्रज के दत्तनगर इलाके में रहने वाले कांबले परिवार में घटी है। हमने पति-पत्नी के बीच कई तरह के झगड़े देखे हैं। सास, ससुर और पति द्वारा पत्नी को प्रताड़ित करने के कई रूप होते हैं। यूं तो हर किसी के घर में कुछ न कुछ झगड़े होते रहते हैं। ऐसी ही एक वजह से पति द्वारा अपनी पत्नी की हत्या करने की भयानक घटना सामने आई है। इस पति ने अपनी पत्नी की इसलिए बेरहमी से हत्या कर दी क्योंकि वह अपने सास ससुर के लिए खाना नहीं बनाती थी।

अपने माता-पिता के लिए अपनी पत्नी की जान ले ली। माता-पिता के लिए खाना नहीं बनाने पर पति ने पत्नी को पीट-पीटकर मार डाला। इस मामले में भारती यूनिवर्सिटी पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर लिया है। मारी गई महिला की पहचान मधुरा तानाजी कांबले (उम्र 42, निवासी स्वामी समथरगढ़, कात्रज) के रूप में हुई है। पति तानाजी शिवाजी कांबले (उम्र 43) को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में बेटे पीयूष तानाजी कांबले (उम्र 19) ने भारती विद्यापीठ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है।यह घटना 22 दिसंबर की रात करीब दस बजे दत्तनगर चौक पर घटी. तानाजी एक मजदूर हैं और शराब के आदी भी हैं। वह पुणे के कटराज में अपनी पत्नी, बेटे, सास के साथ रहते हैं। तानाजी कांबले रोजाना की तरह रात करीब दस बजे शराब के नशे में घर आये. कांबले इस बात से बहुत नाराज थे कि उनकी पत्नी घर पर खाना नहीं बनाती थी.

माता-पिता के लिए खाना न बनाने पर उसने पत्नी को लात-घूंसों से पीटा। उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं. बेहोशी की हालत में मधुरा को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. तानाजी को अपनी पत्नी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है, सहायक पुलिस निरीक्षक स्वप्निल पाटिल मामले की आगे की जांच कर रहे हैं।

ड्यूटी खत्म करने के दौरान मांझा से कटा गला,

पुलिसकर्मी की मौके पर मौत, दिंडोशी में दिल दहलाने वाली घटना

मुंबईः ड्यूटी से घर जा रहे एक पुलिसकर्मी पर काला ने हमला कर दिया। एक चौंकाने वाली घटना घटी है जहां एक कार के पास से गुजरते समय पतंग के डंक से उसका गला कट जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई. इस पुलिसकर्मी का नाम सुरेश जाधव है और उसकी मौत पर दुख व्यक्त किया जा रहा है. सुरेश जाधव दिंडोशी पुलिस स्टेशन में कार्यरत हैं और वह अपनी ड्यूटी खत्म करने के बाद घर गए थे. उनका निवास वर्ली में है. सांताक्रूज के वाकोला ब्रिज पर पहुंचने के बाद मांजा ने अपना गला काट लिया। इलाज के लिए सायन अस्पताल ले जाने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इस संबंध में डिंडोशी पुलिस स्टेशन की ओर से एक बयान जारी किया गया है.

डिंडोशी पुलिस स्टेशन के पुलिस कांस्टेबल क्रमांक 111615/समीर सुरेश जाधव उम्र 37 वर्ष। बिल्डिंग नंबर 77, वर्ली बीडीडी चाल, रूम नंबर 28, वर्ली मुंबई लगभग 15.30 बजे अपनी मोटरसाइकिल पर अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद वर्ली स्थित अपने आवास पर जाते समय, उन्हें वकोला ब्रिज, सांताक्रूज पूर्वी मुंबई में मांजा ने काट लिया और खेरवाड़ी द्वारा उनका इलाज किया गया। मोबाइल 1 उन्हें तुरंत सायन अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उक्त जानकारी खेरवाड़ी पुलिस स्टेशन के राजेंद्र मुलिक ने मोबाइल फोन के माध्यम से 18.06 बजे दी है. खेरवाड़ी पुलिस स्टेशन की पुलिस टीम सायन अस्पताल में मौजूद है और उनके परिजनों को सूचित कर दिया गया है और डिंडोशी पुलिस स्टेशन की पुलिस टीम को तुरंत मौके पर भेजा गया है। नायलॉन का जाल हर साल कई लोगों की जान ले लेता है और इसे पार्टियों के जीवन के लिए भी बहुत खतरनाक माना जाता है। इसलिए, कई संगठन नायलॉन मैट पर प्रतिबंध लगाने की कोशिश कर रहे हैं। कई लोगों की जान चली गई है, खासकर दोपहिया वाहन सवारों की। हाईकोर्ट पहले ही नायलॉन मैट पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दे चुका है। प्रशासन द्वारा नायलॉन प्रतिबंध के नाम पर सिर्फ कागजी कार्रवाई की जाती है. मांग की गई है कि नायलॉन मांजा प्रतिबंध के तहत नायलॉन मांजा के निमार्ताओं, विक्रेताओं और खरीदारों के खिलाफ सख्त 'मोचा'के तहत मुकदमा चलाया जाना चाहिए और ऐसी हरकतें दोहराने वालों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया जाना चाहिए।

मुंबई पुलिस ने एक साल में जब्त की 450 करोड़ की एमडी... नासिक, नालासोपारा, कोल्हापुर में फैक्ट्रियां नष्ट हो गईं

मुंबईः नए साल की पूर्व संध्या पर रेव पार्टियों पर कड़ी नजर रखने वाली मुंबई पुलिस ने इस साल करीब साढ़े चार सौ करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की है. इसमें से सबसे ज्यादा 400 करोड़ से ज्यादा कीमत की मेफ्रेडन (एमडी) जब्त की गई है. इसके अलावा मुंबई पुलिस ने एक साल में करीब 4800 करोड़ रुपये की ड्रग्स नष्ट की है. इस साल मुंबई पुलिस ने नासिक और सोलापुर में एमडी ड्रग फैक्ट्रियों को नष्ट कर दिया और पिछले दो साल में साढ़े चार हजार करोड़ से ज्यादा की एमडी जब्त की. इस कार्रवाई में नासिक, सोलापुर, नालासोपारा, कोल्हापुर और गुजरात में दो एमडी विनिर्माण कारखाने नष्ट हो गए हैं। इन वर्षों में भी सर्वाधिक 405 करोड़ 55 लाख रुपये मूल्य की एमडी जब्त की गयी है. 2023 में 1319 अपराधों में 437 करोड़ 98 लाख की ड्रग्स जब्त की गई. उस मामले में 1718 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. इसके अलावा मुंबई पुलिस ने साढ़े सात करोड़ रुपये का गांजा, 50 लाख रुपये की कोकीन, 10 करोड़ रुपये की चरस, 4 करोड़ 21 लाख रुपये की हेरोइन, 58 लाख रुपये की एलएसडी, 7 करोड़ 87 रुपये की केटामाइन जब्त की है. लाख, 6 लाख रुपये कीमत की प्रतिबंधित अल्प्राजोलम गोलियां। मेफ्रेडोन (एमडी) एक प्रचार है जो 'जीरो'फिगर देता है और ऊर्जा देता है, इसलिए बारबालाएं सुंदर दिखने और घंटों नृत्य करने के लिए एमडी का उपयोग करती हैं।

दैनिक
रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : मंगलवार 26 दिसंबर 2023

BOLLYWOOD DINBHAR

गाड़ी का शीशा तोड़कर 9 लाख कैश चोरी कर लिया गया

नवी मुंबई: कार का पिछला शीशा तोड़कर चोरों ने गाड़ी से नौ लाख की नकदी उड़ा ली, यह घटना नेरुल में हुई है. इस संबंध में थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस आगे की जांच कर रही है. घटना गुरुवार शाम साढ़े छह से साढ़े छह बजे के बीच की है. विनोद शाही ने अपनी कार सेक्टर 4 में रसोई रेस्टोरेंट एंड बार के सामने खड़ी की थी. कुछ देर बाद वह काम खत्म कर कार के पास आया तो देखा कि कार का पिछला शीशा टूटा हुआ था। उन्होंने तुरंत गाड़ी में सामान चेक किया तो पिछली सीट पर रखा बैग नहीं मिला। इस बैग में उनके पास 9 लाख की नकदी, कस्टम पास पहचान पत्र था।

उद्धव ठाकरे की अध्यक्षता वाली शिवसेना 23 जनवरी को चुनावी अभियान शुरू करेगी

नासिक: महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अध्यक्षता वाली शिवसेना (यूबीटी) 23 जनवरी, 2024 से चुनावी अभियान शुरू करने जा रही है। उद्धव गुट की शिवसेना ने अभियान की शुरूआत के लिए 24 जनवरी का दिन इसलिए चुना क्योंकि इस तारीख को शिवसेना के संस्थापक बाल साहेब ठाकरे की जयंती होती है। इस मौके पर विशाल सार्वजनिक रैली की तैयारी चल रही है। इसके अलवा महाशिविर भी आयोजित किया गया है। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने कहा कि 'उद्धव ठाकरे दोनों कार्यक्रमों में भाग लेंगे।'इस सम्मेलन और रैली के जरिए पूर्व मुख्यमंत्री के अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए चुनावी बिगुल फूंकने की उम्मीद है।

संजय राउत ने कहा, 'उद्धव ठाकरे 23 जनवरी को नासिक में एक महाशिविर आयोजित करेंगे और एक जनसभा को संबोधित करेंगे।'राज्यसभा सदस्य ने कहा कि पार्टी के सभी नेता दोनों कार्यक्रमों की मेजबानी और तैयारी के लिए सोमवार को नासिक पहुंचेंगे। (अविभाजित) शिवसेना ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन में नासिक लोकसभा चुनाव लड़ा था और 2014 और 2019 में इस सीट से जीत दर्ज की थी। बाद में दो बार के सांसद हेमंत गोडसे मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना खेमे में चले गए।

जून 2022 में शिंदे और 40 अन्य विधायकों ने शिवसेना नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह कर दिया था, जिससे पार्टी में विभाजन हो गया और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार गिर गई। इसके बाद शिंदे ने राज्य में सरकार बनाने के लिए भाजपा से हाथ मिलाया। साल 2019 में अविभाजित शिवसेना भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का हिस्सा थी। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी अब एमवीए का हिस्सा है, जिसमें कांग्रेस और शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) शामिल है। राउत ने शुक्रवार को कहा था कि उनकी पार्टी महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीट में से 23 पर चुनाव लड़ेगी।

कश्मीर में पांच जवानों की दर्दनाक मौत!

सांसद सुप्रिया सुले ने अमित शाह को लिखी चिट्ठी

पुणे: राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सांसद सुप्रिया सुले ने लोकसभा चुनाव का बिगुल बजाते हुए कहा कि हर किसी की अपनी रणनीति होती है। उन्होंने कहा, 'हर किसी की अपनी रणनीति होती है। यह सभी के लिए लोकतंत्र है। उनके पास अपनी रणनीति है और हमारे पास अपनी रणनीति है। पीएम मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी मुख्यालय में भाजपा कार्यालय-सहयोगियों की बैठक के दौरान नारा दिया, जिसमें पार्टी के लिए 2024 के लोकसभा चुनाव में बड़ी जीत का लक्ष्य रखा गया। एनसीपी सांसद ने संसद से 146 सदस्यों के निलंबन पर भी बात की। उन्होंने कहा, 'दुर्भाग्य से, कोई भी संसद पर हमले के बारे में बात नहीं कर रहा है। हमें प्रधानमंत्री मोदी और उपराष्ट्रपति सहित अपने सभी नेताओं की सुरक्षा पर चर्चा करनी चाहिए।’

सुप्रिया सुले ने कहा 2001 के संसद हमले की बरसी पर, शून्यकाल के दौरान दो लोग सार्वजनिक दीर्घा से संसद के निचले सदन के कक्ष में कूद गए, कनस्तरों से पीली गैस छोड़ी और सांसदों द्वारा नियंत्रित किए जाने से पहले नारे लगाए।

100 सांसदों के निलंबन का मुद्दा

इस बीच, 100 सांसदों को लोकसभा से और 46 अन्य को राज्यसभा से अनियंत्रित व्यवहार, तख्तियां दिखाकर कार्यवाही बाधित करने और उल्लंघन के मुद्दे पर नारे लगाने के लिए निलंबित कर दिया गया। यह निलंबन तब आया है जब विपक्षी सांसदों ने संसद में सुरक्षा उल्लंघन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बयान की मांग की है इससे पहले शुक्रवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को पत्र लिखकर कहा था कि 146 सदस्यों के निलंबन को देखना 'दर्दनाक, पीड़ादायक, निराशाजनक और निराशाजनक'है। धनखड़ को लिखे अपने पत्र में, कांग्रेस नेता ने कहा कि विपक्षी दल सुरक्षा उल्लंघन के मुद्दे पर एक सार्थक चर्चा में शामिल होने के लिए तैयार थे, जिसे न तो स्वीकार किया गया और न ही उन्हें, विपक्ष के नेता के रूप में, या किसी अन्य विपक्षी दल के सदस्य को सदन में एक या दो मिनट के लिए भी बोलने की अनुमति दी गई।

मां ने शराब के लिए पैसे देने से किया इनकार, बेटे ने कर दिया कत्ल

लातूर: महाराष्ट्र के लातूर जिले में शराब खरीदने के लिए पैसे देने से इनकार करने पर अपनी मां की कथित तौर पर हत्या करने के आरोप में 23 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है. एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि यह घटना शुक्रवार रात अहमदपुर तहसील के सताला गांव में हुई.

आरोपी ज्ञानेश्वर नाथराव मुंडे ने अपनी मां संगीता नाथराव मुंडे (40) से शराब खरीदने के लिए पैसे मांगे, लेकिन उन्होंने मना कर दिया. पुलिस ने बताया कि गुस्से में आकर बेटे ने एक फरसा उठाया और अपनी मां के सिर पर दे मारा, जिससे उसकी मौत हो गई. पुलिस ने बताया कि आरोपी ज्ञानेश्वर वारदात को अंजाम देने के बाद वहां से फरार हो गया था, लेकिन आखिरकार उसे गिरफ्तार कर लिया गया. ज्ञानेश्वर ने अपने घर का दरवाजा बंद कर दिया और भाग गए. लोगों को लगा कि वह अपनी मां के साथ कहीं चला गया है. अधिकारी ने बताया कि एक दिन बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया.

कल्याण-डोंबिवली नगर निगम की आरक्षित भूखंडों को किराये पर देने की योजना...

कल्याण: कल्याण-डोंबिवली नगर निगम ने मुख्य बाजार में कृषि उपज बाजार समिति, डाकघर और पिकनिक स्पॉट के लिए लगभग 3 हजार 338 वर्ग मीटर का एक भूखंड आरक्षित किया है। हालांकि, प्रशासन द्वारा आरक्षित भूखंड का अधिग्रहण करने में आनाकानी करने पर कृषि उत्पादन बाजार समिति ने इस भूखंड को आय के लिए किराये पर देने की तैयारी शुरू कर दी है. जब तक नगर पालिका भूखंड का अधिग्रहण नहीं कर लेती, तब तक इस स्थान को पट्टे पर देने के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। कल्याण कृषि उपज बाजार समिति हमेशा विभिन्न कारणों से लोकप्रिय रही है। पिछले दो महीने से समिति के निदेशक मंडल को भंग करने की मांग की जा रही है और अब भूखंड को लीज पर देने के फैसले को लेकर समिति विवाद में फंस सकती है. कल्याण डोंबिवली नगर निगम ने बाजार समिति के मुख्य परिसर में डाकघर और पिकनिक स्थल के लिए आरक्षण किया है। हालांकि, इस आधार पर कि नगर निगम प्रशासन इस भूखंड के अधिग्रहण में देरी कर रहा है, बाजार समिति ने इस जगह को किराए पर देने की योजना तैयार की है। बाजार समिति द्वारा इस खाली आरक्षित भूखंड से आय अर्जित करने का यह एक प्रयास है। उसके लिए उन्होंने टेंडर भी जारी कर दिया है. अगले बुधवार 27 दिसम्बर को दोपहर 3:30 बजे समिति के कार्यालय में नीलामी द्वारा यह स्थान किराये पर दिया जायेगा। उसके लिए मंगलवार 26 दिसंबर तक आवेदन मांगा गया है. इसमें बाजार समिति ने खुली छत किराये पर देने का भी प्रस्ताव दिया है.

मेट्रो कारशेड की राह में नई बाधा... अब मार्गिके स्पेस की नई बाधा खड़ी

भयंदर : मीरा भयंदर मेट्रो के काम में कार शेड की बाधा तो दूर हो गई है, लेकिन अब मार्गिके स्पेस की नई बाधा खड़ी हो गई है। चूंकि इस मेट्रो का रूट राय, मुर्धा और मोरवा गांवों से होकर गुजरेगा, इसलिए वहां के 500 घर प्रभावित होंगे. इसके चलते स्थानीय लोगों ने विरोध जताया है. इसके चलते उत्तान में नए कार शेड को जगह मिलने के बावजूद काम शुरू नहीं हो सका है।

मीरा भायंदर शहर के लिए मेट्रो प्रोजेक्ट-9 का काम एमएमआरडीए द्वारा शुरू किया गया है। इसके मार्ग 7 और 7 (ए) के लिए, भयंदर पश्चिम में राय, मुर्धा और मोरवा गांवों में कार शेड का निर्माण किया जाना था। लेकिन स्थानीय निवासियों के कड़े विरोध के कारण सरकार ने इस कारशेड को रद्द कर दिया था। इस विरोध के चलते मेट्रो का काम रोक दिया गया. इस बीच, कार शेड की जगह पर समझौता हो गया और स्थानीय लोगों की सहमति से उत्तान-डोंगरी की जगह तय कर दी गई। एमएमआरडीए ने कार शेड के निर्माण के लिए 2 हजार 61 करोड़ रुपये के अतिरिक्त खर्च को मंजूरी दी। कलेक्टर ने एमएमआरडीए को डोंगरी स्थित सरकारी परिसर का अग्रिम कब्जा भी दे दिया है। इसलिए उम्मीद थी कि मेट्रो का काम तेजी से होगा. हालाँकि, मेट्रो मार्ग राय, मोरवा और मुर्धा गाँवों से होकर जाता है। इससे इस इलाके के 547 घर प्रभावित होंगे, इसलिए ग्रामीणों का विरोध जारी है. इसके चलते मेट्रो का काम फिर से रुक गया है.

भायंदर मेट्रो का काम तीन साल पहले शुरू हुआ था। यह प्रोजेक्ट 6 हजार 700 करोड़ रुपये का था. प्रस्तावित प्लानिंग के मुताबिक इस मेट्रो की शुरूआत दिसंबर 2024 में होनी थी. नए कार शेड के निर्माण में तीन साल लगेंगे।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063
से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८९ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग
स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com

www.rokthoklekaninews.com facebook@rokthoklekhani youtube@rokthoklekhani twitter@rokthoklekhani